
जिला
एवं प्रशिक्षण
उत्तरकाशी


शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट ,उत्तरकाशी
TRAINING
RESEARCH
INNOVATION
DIET BARKOT UKI


vivo
COMIO
हर घर तिरंगा


जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट, उत्तरकाशी
उत्तराखंड शासन


जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट ,उत्तरकाशी

उन्होंने विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और

# बड़कोट में तिरंगा यात्रा का किया आयोजन

## घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील



अमर हिन्दुस्तान

**बड़कोट।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बड़कोट, उत्तरकाशी में मंगलवार को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। हर घर तिरंगा अभियान से देशभक्ति की भावना को उच्चतम स्तर तक पहुंचाया जाना बताया गया है। इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करना बताया गया है।

इससे न केवल लोगों को ध्वज से व्यक्तिगत रूप से जुड़ने में मदद मिलेगी बल्कि राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति की भावना और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य बोध को जन-जन तक पहुंचाना होगा बताया।कार्यक्रम में डी.एल.एड. प्रशिक्षुओं व संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा थामकर देशभक्ति के नारों के साथ बड़कोट नगर में तिरंगा रैली निकाली।

प्रभारी प्राचार्य मो. अरशद अंसारी ने संबोधन में कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारी आजादी, एकता और अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने सभी से अपील की है कि तिरंगे के सम्मान और देश के विकास में सक्रिय योगदान दें।

वहां पर उपस्थित प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखेंगे और एक सशक्त, समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान देंगे। कार्यक्रम समन्वयक गोपाल सिंह राणा द्वारा समस्त प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।इस दौरान संकाय सदस्य अरविन्द सिंह चौहान, शांति रतूड़ी, संजय भट्ट, अंजना सजवाण, संगीता रावत, सुषमा महर, ऋचा उनियाल मौजूद रहे।

कारी बी एल शाह के नेतृत्व में हरेला पर्व के तहत एक पेड़ मां के नाम से कार्यक्रम

धरासू-भल्डियाणा मोटरमार्ग दो दिन से बाधित

# आजादी के अमृत महोत्सव पर तिरंगे के सम्मान के प्रति किया जागरूक




**सरल एक्सप्रेस संवाददाता**

**बडकोट।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बड़कोट, उत्तरकाशी द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति स्वरुप लोगों को अपने– अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे देश के प्रत्येक नागरिक में देशभक्ति की भावना जगे और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध हो सके। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11रू45 बजे संस्थान परिसर से हुआ, जिसमें डी. एल. एड. प्रशिक्षुओं तथा संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा थामकर देशभक्ति के नारों के साथ बड़कोट नगर भ्रमण किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान और राष्ट्रीय एकता के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। संस्थान के प्रभारी प्राचार्य मो. अरशद अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारी आजादी, एकता और अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने सभी से अपील की कि तिरंगे के सम्मान और देश के विकास में सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे सदैव राष्ट्रहित में समर्पित रहेंगे, कार्यक्रम समन्वयक गोपाल सिंह राणा द्वारा सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया द्य इस दौरान संस्थान के संकाय सदस्य अरविन्द सिंह चौहान, शांति रतूड़ी,संजय भट्ट,अंजना सजवाण, संगीता रावत, सुषमा महर, ऋचा उनियाल मौजूद रहे।